# छत्तीसगढ़ शासन
## वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
## मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

क्रमांक एफ–5–08/2021/10–2 नवा रायपुर, दिनांक 02/03/2021

प्रति,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक**
छ.ग. अरण्य भवन,
सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक,
नवा रायपुर, अटल नगर।

विषयः– आवेदनकर्ता मेसर्स छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी रायपुर द्वारा कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ वनमंडल अंतर्गत भारत नेट प्रोजेक्ट Phase-II के तहत भूमिगत ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने के गैर वानिकी कार्य हेतु कुल 5.612 हे. वन भूमि के वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के तहत व्यपवर्तन प्रस्ताव।

संदर्भः– अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) का पत्र क्र./भू–प्रबंध/विविध–1ए/115–837/273, दिनांक 01.02.2021 ।

–––00–––

कृपया विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करें, जिसके परीक्षण में निम्न बिन्दुओं पर त्रुटियां परिलक्षित हो रही है :–

1. संदर्भित पत्र के बिन्दु क्र. 11 में घनत्व 0.6 दर्शाया गया है, जबकि प्रस्ताव के पृष्ठ क्र. 53 (वनमंडलाधिकारी की अनुशंसा संबंधी भाग–2) के बिन्दु क्र. vi में घनत्व 0.6 से अधिक लेख है।
2. प्रस्ताव के पृष्ठ क्र. 53 से 55 में वनमंडलाधिकारी के द्वारा प्रदाय की जाने वाली भाग–2 संबंधी प्रपत्र में वनमंडलाधिकारी द्वारा बिन्दु क्र. 7 में अपनी स्पष्ट अनुशंसा अंकित नहीं की गई है।
3. प्रस्ताव के पृष्ठ क्र. 58 से 64 में वनमंडलाधिकारी के स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन "प्रपत्र–3" के बिन्दु क्र. 12 में "हाँ" अथवा "न" में टीप अंकित किया जाना था, जिसमें "निरंक" लेख किया गया है।

**2/–** अतः निवेदन है कि कृपया उपरोक्त बिंदुओं पर शीघ्र टीप प्रेषित करने का कष्ट करें, जिसके उपरांत प्रकरण में आगामी आवश्यक कार्यवाही की जा सकेगी।

(के.पी.राजपूत)
अवर सचिव
छत्तीसगढ शासन,
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

पृष्ठां.क्रमांक एफ–5–08/2021/10–2 नवा रायपुर, दिनांक 02/03/2021

प्रतिलिपि :–

1.अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध), कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, अरण्य भवन, सेक्टर–19, नार्थ ब्लॉक, नवा रायपुर, अटल नगर, छत्तीसगढ़।
2.मुख्य वन संरक्षक, सरगुजा वृत्त, अंबिकापुर छत्तीसगढ़।
3.वनमंडलाधिकारी, मनेन्द्रगढ़ वनमंडल, छत्तीसगढ़।
4.आवेदनकर्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी (चिप्स), स्टेट डाटा सेंटर बिल्डिंग, सिविल लाईन, रायपुर, छत्तीसगढ़।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

अवर सचिव
छत्तीसगढ शासन,
वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग